çknf'kd lekpkj

fnukd&03-06-2024 ¼l/;k 1900 ct½

e[; lekpkj

- çn'k d 14 lln; l !k "kj $k%; f&'kkul(kk)*puk& d f+, d+ -ku &k+ e.$/kuk d .;kfj;k *j1 *-+k 23ku lk4 uk ct .d "ku d)6e n7
- nk d89 ; ef:;k "tu e%k1 "8u*/kk n& le. 244 ç<;kf'k;k d jktuf.d (kk=; dk -k$k >l+k1 ?% $@c'ku d f&t; -klnk "kj tkck ek3 d fl;kl fdAe. (k nk& *j7
- +kdl(kk puk& e 64 djk% l "f'kd e.nk.k"k u (kk$ +dj cuk;k f&B& fjdC%1 31 djk% l "f'kd ef-+k e.nk.k"k u %k+ &k!7
- ?% d leu d "&-+uk eke+ e *& e[;e: -e. lkju d f[k+k> ?% dk eke+k ,e* ,e,+, dk!; e ADkkuk.fj.1 1E tu dk -k$ lu&k? 7

****

झारखंड की चौदह लोकसभा सीटों की मतगणना के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि राज्य में 14 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी और पहला रुझान साढ़े नौ बजे तक आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में सबसे कम राउंड में गिनती पूरी होगी।

कल लोकसभा चुनाव की मतगणना में दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता कालीचरण मुंडा, विजय हांसदा, सुखदेव भगत समेत 244 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वहीं गांडेय उपचुनाव के भी नतीजे कल सामने आएंगे।

****

राजधानी रांची में कल होने वाली मतगणना को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। रांची के पंडरा स्थित मतगणना स्थल पर चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही पूरे शहर में राजनीतिक पार्टियों के कार्यालयों सहित प्रमुख चौक–चौराहों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। मतगणना केन्द्र पंडरा बाजार समिति परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा के लिए जिला बल के अलावा सीआरपीएफ जवानों को भी लगाया गया है। इसके लिए तीन आईपीएस, दो डीएसपी और छह इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हर तरफ चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। रांची के पंडरा बाजार समिति प्रांगण में लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर पंडरा इलाके की रूट में भी बदलाव किया गया है। शहर में सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक पंडरा इलाके में भारी वाहनों की नो एंट्री होगी। एक ओर तिलता मोड़ तो दूसरी ओर पिस्का मोड़ पर भारी वाहनों के रूट डायवर्ट किए जाएंगे।

****

मतगणना से एक दिन पहले आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर झारखंड पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव से यह चुनाव अलग है और देश की जनता बदलाव के मूड में नजर आयी है।

****

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कल वोटों की गिनती होगी । मतगणना से जुड़ी पल–पल की खबरों को लेकर कल आकाशवाणी दिल्ली से विशेष प्रसारण किया जाएगा।

****

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि यह सभी जी 7 देशों – अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाले, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है।

****

ईडी के समन की अवहेलना करने के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर अब 15 जून को सुनवाई होगी। सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने आज यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया है। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार भी सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की दुनिया भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत का सुशासन मॉडल दुनिया के लिए एक उदाहरण बन रहा है। एक पत्र के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जन–समर्थक सुशासन, आदर्श जिले और आदर्श ब्लॉक जैसी योजनाओं पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठने के लिए सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा कि गरीबों को सशक्त बनाने से लेकर अंतिम छोर तक सरकार के प्रयासों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को प्राथमिकता देकर दुनिया को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने चार दिशाओं स्पीड, स्केल, स्कोप और स्टैंडर्ड पर तेजी से काम करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जी–20 की सफलता के बाद से दुनिया भारत की बड़ी भूमिका की कल्पना कर रही है। भारत को अल्प विकसित और विकासशील देशों की एक मजबूत और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।

****

बढ़ती गर्मी और चढ़ते पारा के साथ लोगो का जीना मुहाल हो गया है। लोगो के मुताबिक पहली बार इतनी ज्यादा गर्मी से उनका सामना हुआ है।

****

झारखंड के आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से आज प्रवर्तन निदेशालय के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ जारी है। यह पूछताछ टेंडर कमीशन घोटाले मामले को लेकर की जा रही है। इससे पहले मनीष रंजन से ईडी ने 28 मई को नौ घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने मनीष रंजन से चल–अचल संपत्ति के दस्तावेज और बैंक खातों के डिटेल्स के साथ तीन जून को ईडी ऑफिस पहुंचने के लिए कहा था।

********|ekF.********